भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 631
गुरुवार, 07 दिसम्बर, 2023/16 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

आंध्र प्रदेश द्वारा समुद्र तट के विकास हेतु प्रयास

631 **श्री मस्थान राव बीडा**:
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा महत्वपूर्ण समुद्र तट विकास संबंधी प्रयासों की जानकारी है जिसका लक्ष्य 12 जिलों में 373 समुद्र तटों को विकसित करना है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या केन्द्रीय सरकार का राज्य में समुद्र तटों के विकास में सहायता करने अथवा कोई अन्य तटीय पर्यटन विकास योजना कार्यान्वित करने का विचार है; और

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग): पर्यटक स्थलों का विकास मुख्य रूप से राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है। तथापि पर्यटन मंत्रालय पर्यटन गंतव्यों के समग्र विकास के लिए अपनी 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' योजनाओं के तहत इनको वित्तीय सहायता प्रदान कर उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

आंध्र प्रदेश राज्य ने सूचित किया है कि उन्होंने आंध्र प्रदेश की तटरेखा के साथ-साथ 288 समुद्री तटों के विकास के लिए आंध्र प्रदेश तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण (एपीसीजेडएमए) को मास्टर प्लान का एक मसौदा भेजा है और ये तटीय क्षेत्र प्रबंध योजना 2019 में भी शामिल हैं।

पर्यटन मंत्रालय (एमओटी) ने तटीय परिपथ थीम के अंतर्गत दो परियोजनाओं सहित आंध्र प्रदेश में 3 परियोजनाओं को अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृति प्रदान की है। इसके अतिरिक्त मंत्रालय ने अपनी प्रशाद योजना के तहत भी 3 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। इन योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने देश में स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) योजना के रूप में परिवर्तित किया है और 'गंडीकोटा' और 'अरक्कू-लंबसिंगी' को एसडी 2.0 के तहत विकास के लिए गंतव्यों के रूप में अधिसूचित किया है।

*****

अनुबंध

श्री मस्थान राव बीडा द्वारा आंध्र प्रदेश द्वारा समुद्र तट के विकास हेतु प्रयास के संबंध में दिनांक 07.12.2023 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 631 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(राशि करोड़ रु. में)

स्वदेश दर्शन			
क्र. सं.	**परिपथ/स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1	तटीय परिपथ / 2014-15	काकीनाडा - होप द्वीप - कोरिंगा वन अभ्यारण्य - पसारलापुडी - अडुरु - एस यनम - कोटिपल्ली का विकास	67.83
2	तटीय परिपथ / 2015-16	नेल्लोर, पुलिकट झील, उब्बलामादुगु जलप्रपात, नेलपट्टु कोथाकोडुरू, मायपाडू - रामातीर्थम - ईस्कापल्ली का विकास	49.55
3	बौद्ध परिपथ / 2017-18	बौद्ध परिपथ का विकासः शालीहुंडम - बावीकोंडा - बोज्जनकोड़ा - अमरावती - अनुपु का विकास	35.24
प्रशाद			
1	2015-16	अमरावती शहर, गुंटूर जिले का पर्यटन स्थल के रूप में विकास	27.77
2	2017-18	श्रीशैलम मंदिर का विकास	43.08
3	2022-23	विशाखापटनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी निरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम	54.04

*****